।।राजस्थान सरकार ।।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, डूंगरपुर (राज)

फोन/फैक्स: 02964-294033

Email – proofficedungarpur@gmail.com, Website - dipr.rajasthan.gov.in

---

प्रेस नोटः 2 डूंगरपुर, गुरूवार दिनांक 01 अगस्त 2024

बालिकाओं के जन्म से लेकर सम्पूर्ण पढ़ाई तक कुल 1 लाख रूपए मिलेंगे
–1 अगस्त से राज्य में लागू हुई लाडो प्रोत्साहन योजना'
संकल्प–100 दिवसीय विशेष जन जागरूकता अभियान के तहत शिविर में बेटियों को दी जानकारी

फोटो संलग्न :

डूंगरपुर, 1 अगस्त। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार संकल्प–100 दिवसीय विशेष जन जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 4 ब्लॉक सागवाड़ा में शिविर का आयोजन किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग के डीएचईडब्ल्यू के जेंडर स्पेशलिस्ट राकेश वैष्णव ने बताया कि मिशन शक्ति की योजनाओं, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने गरीब परिवारों की बालिकाओं के लिए ''लाडो प्रोत्साहन योजना'' शुरू की हैं। लाडो योजना बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने एवं उनके स्वास्थ्य तथा शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए है। यह योजना 1 अगस्त, 2024 से सम्पूर्ण राज्य में लागू हो गई है। इस योजना के तहत बालिकाओं के उनके जन्म से लेकर सम्पूर्ण पढ़ाई तक कुल 1 लाख रूपए विभिन्न 7 किश्तों में मिलेंगे। महिला सुपरवाइजर ममता पाटीदार ने वन स्टॉप एवं इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहित विभागीय योजना की जानकारी दी। बालिकाओं को स्वच्छता के बारे में समझाया। उड़ान योजना एवं 181 महिला हेल्पलाइन, निःशुल्क कम्प्यूटर कोर्स आरएससीआईटी, आरएससीएफए के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की परामर्शदाता मनीषा पण्ड्या ने बालिकाओं को नए कानूनों एवं अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में 170 बालिकाएं, प्रधानाचार्य शैलेष जोशी व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

–––000–––

Apply